बाइक रैली निकाल सुरक्षित यातायात का दिया संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जीरापुर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आवास कॉलोनी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अखिल भारतीय अभियान के अंतर्गत सुरक्षित भारत सडक़ सुरक्षा जीवन रक्षा एवं सडक़ सुरक्षा मोटरसाइकिल यात्रा रैली निकाली गई। इसी विषय को लेकर कार्यर म का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के राजगढ़ संस्था प्रभारी बीके मधु दीदी, पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी, जनपद अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, पुर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक ,ब्रह्मा कुमारी वैशाली, ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी जीरापुर सेंटर संचालिका बीके नम्रता दीदी उपस्थित रही। कार्यर म में जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने कहा कि संस्था द्वारा अलग-अलग वर्ग की सेवाओ के लिए 20 प्रभारी बनाए हैं।

जीरापुर. बाइक रैली का शुभारंभ करती संस्था प्रभारी।

जैसे महिला प्रभाग, सामाजिक प्रभाग, सांस्कृतिक प्रभाग, व्यापारिक प्रभाग तथा एक यातायात प्रभाग जिसके अंतर्गत सायकिल रैली का आयोजन रखा गया है। बाइक रैली निकाल कर सभी को ट्रेफिक नियमों के पालन का संदेश दिया गया। पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी, जनपद अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित ने अपने उद्बोधन में कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की पूरी जिमेवारी उनके माता-पिता के ऊपर होती है उनके द्वारा यदि कोई दुर्घटना होती है तो उनके माता-पिता को दंडित किया जा सकता है।

दिनेश जमींदार योगेश भावसार जीरापुर
पत्रिका